**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 25.07.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **श्रावण मास कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु बांदा पुलिस पूरी तरह सतर्क, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के किए गए व्यापक प्रबंध।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में श्रावण मास के दौरान आयोजित कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए जनपद पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कांवड़ यात्रा मार्गों, प्रमुख शिव मंदिरों, धार्मिक स्थलों एवं संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त उच्चाधिकारीयों द्वारा लगातार भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया जा रहा है तथा अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस एवं स्थानीय पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्य किया जा रहा है। प्रमुख चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों पर भी सतत निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना का समय रहते खंडन कर आवश्यक कार्यवाही की जा सके। जनपद पुलिस द्वारा कांवड़ यात्रा मार्गों पर नियमित गश्त की जा रही है। बांदा पुलिस समस्त श्रद्धालुओं एवं आमजन से अपील करती है कि कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात नियमों का पालन करें, निर्धारित मार्गों का ही उपयोग करें, अफवाहों पर ध्यान न दें, किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस अथवा डायल-112 को दें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित बनाने में सहयोग प्रदान करें।